हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 23 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 भक्ति भाव से मनाया गया मंदिर शिखर रजत ध्वजा महोत्सव



11 श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में कृष्ण जन्मोत्सव ...





## खबर संक्षेप

### विधायक निषाद ने किया सभागार का लोकार्पण



**गुण्डरदेही।** प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुण्डरदेही द्वारा आयोजित वरदानी भवन में भव्य आध्यात्मिक सभागार के उद्घाटन समारोह में विधायक कुंवर सिंह निषाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जहां उन्होने फीता काटकर नवीन भवन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी, ब्रह्माकुमारी बिंदु दीदी, अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही प्रमोद जैन, पूर्व अध्यक्ष केके. राजू चंद्राकर, पार्षद हेमलता सोनी, बीके. ममता बहन सहित श्रद्धालु उपस्थित थे।

### मोदी के मन की बात सुनी



**बालोद/कलंगपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 131 वां संस्करण रविवार को ग्राम अचौद बूथ 269 क्रमांक मे टीवी के माध्यम से देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर मोपेन्द्र कुमार साहू, बुधारू राम साहू, दुलार सिंह ठाकुर, सीमा ठाकुर, सविता यादव, राधिका यादव, लक्ष्मी यादव, तीजन यादव, मंटोरा यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

### ब्लॉक सेलून संघ के नए पदाधिकारियों का गठन



**गुरूर।** ब्लॉक सेलून संघ के पदाधिकारियों का गठन संबंधित बैठक आयोजित गया, जिसमें सेलून संघ की नियमावली के संबंध में विस्तृत चर्चा कर नए पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया। जिसमें ब्लॉक सेलून संघ गुरुर के अध्यक्ष प्रकाश सेन, उपाध्यक्ष चाणक्य सेन, सचिव सोमन सेन, कोषाध्यक्ष लल्लू सेन, संरक्षक विजय सेन, महामंत्री कमलेश सेन, सहसचिव विरेन्द्र सेन एवं खिलेश कुमार, केवल सेन, डोमन सेन, जयनारायण सेन उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी संजय सेन द्वारा दी गई।

### दो दिनी सत्संग समारोह आज से

**गुण्डरदेही।** ग्राम अर्जुनी में आज से दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा 24 फरवरी तक चलने वाले सत्संग समारोह में मुख्य उपदेशक सुधाकर शास्त्री साहेब खरसिया रायगढ व उनकी मंडली पधारेगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे शाम 5 बजे तक होगा, इस दौरान भजन एंव प्रवचन होगे।

### मोबाइल बैंकिंग चालू कराने का झांसा कर ठगी

**भिलाई।** मोबाइल बैंकिंग का झांसा देकर ठगी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि सड़क 1 क्वार्टर 10 डी, जोन 3 खुर्सीपार निवासी हैप्पी सिंह का बैंक खाता छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक भिलाई 3 में ऑनलाइन खोला गया था। मोबाइल बैंकिंग सेवा शुरु कराने में तकनीकी समस्या आने पर परिचय वाले शिवाजी नगर खुर्सीपार आशीष कुमार भिलाई से संपर्क किया। पीडित ने अपना सिम कार्ड, बैंक खाता से जुड़ी जानकारी आरोपी को आकाश गंगा, सुपेला में दी गई। इसके बाद आरोपी ने संपर्क बंद कर दिया।

# 6 केंद्रों पर दो पालियों में पीएससी 1622 ने दी परीक्षा, 106 अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में रविवार को राज्य की सबसे बड़ी परीक्षा पीएससी का आयोजन किया गया। जिसमे छः परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। जिसके प्रथम पाली में 1978 परीक्षार्थीयो में 1622 परीक्षार्थी उपस्थित थे तथा 356 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। वही द्वितीय पाली में 1978 परीक्षार्थीयो में 1602 परीक्षार्थी उपस्थित थे, तथा 376 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे।

जिसके तहत प्रथम पाली में शासकीय घन"याम सिंह गुप्त महाविद्यालय बालोद के परीक्षा केन्द्र में 528 परीक्षार्थी मे से 428 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 100 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बालोद के परीक्षा केन्द्र में 250 परीक्षार्थीयो में से 202 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 48 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। स्वामी आत्मानंद हिन्दी मिडियम स्कूल बालोद के परीक्षा केन्द्र में 300 परीक्षार्थी में से 252 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 48 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे।

शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय बालोद के परीक्षा केन्द्र में 300 परीक्षार्थी में से 249 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 51 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शासकीय बुनियादी हायर सेकेण्डरी स्कूल पाररास बालोद के परीक्षा केन्द्र में 240 परीक्षार्थी में से 185 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 55 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। ▶▶| शेष पेज 11 पर

### कही विवाद की स्थिति नहीं, प्रश्नपत्र भी आसान





#### बालोद की परीक्षा केन्द्र में 528 हुए सम्मिलित

वही द्वितीय पाली में शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय बालोद के परीक्षा केन्द्र में 528 परीक्षार्थी मे से 422 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 106 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बालोद के परीक्षा केन्द्र में 250 परीक्षार्थीयो में से 200 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 50 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। स्वामी आत्मानंद हिन्दी मिडियम स्कूल बालोद के परीक्षा केन्द्र में 300 परीक्षार्थी में से 249 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 51 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। शासकीय कन्या ▶▶| शेष पेज 11 पर

### मांग : आश्वासन के बाद भी शुरू नहीं हुआ काम

# जर्जर सड़क के विरोध में चक्का जाम ग्रामीणों ने खोली विकास के दावों की पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/देवरी

विकास दावों के मध्य सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों के चक्का जाम ने दावों की कलाई खोल दी है। मंत्रालय आबंटित राशि को खर्च नही कर पा रहे है और ग्रामीण जर्जर सड़कों से जूझ रहे है।

ग्राम भरदा तक लगभग 3.5 किलोमीटर लंबी जर्जर सड़क के निर्माण एवं मरम्मत की मांग को लेकर देवरी–राजनादगांव स्टेट हाईवे पर शनिवार को सुबह से दोपहर तक ग्रामीणों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने करीब ढाई घंटे तक चक्का जाम किया। ग्रामीणों का आरोप है कि वे पिछले 25 वर्षों से खराब सड़क की समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत टटेंगा, भरदा (ट), हरदी (ट), औरी, गंधरी, जेवरतला एवं रानीतराई रोड क्षेत्र के लोगों को वर्षों से आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। विद्यार्थियों, मरीजों एवं आम नागरिकों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। कई बार जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को आवेदन दिए गए, यहां तक कि कलेक्टोरेट बालोद में भी जापन सौंपा गया था, जहां 31 जनवरी 2026 से निर्माण कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन मिला था, परंतु कार्य शुरू नहीं हुआ।



**प्रदर्शन में ये हुए शामिल**

आंदोलन मे क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह निषाद, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कोदूराम दिल्लीवार, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और सरपंच उपस्थित रहे।

#### बजट में प्रस्तावित फंड स्वीकृति शेष

इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को वस्तुस्थिति से अवगत कराया। अधिकारियों ने बताया कि उक्त सड़क का प्रस्ताव बजट में शामिल हो चुका है, हालांकि फंड अभी स्वीकृत नहीं हुआ है, और प्रक्रिया जारी है। 8 मार्च को इस संबंध में बैठक प्रस्तावित है, जिसके बाद टेंडर एवं अन्य प्रक्रियाएं पूर्ण की जाएंगी। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मई माह तक सड़क निर्माण के लिए स्वीकृति मिल सकती है। इस ठोस आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने चक्का जाम समाप्त किया। हालांकि आंदोलनकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत, पांच गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कुसुमकसा

पिकनिक मनाने के बाद ट्रैक्टर के माध्यम से वापस आ रहे लोग सड़क हादसे का शिकार हो गए, जिसमें ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई तथा कई अन्य घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रजही के ग्रामीण ट्रैक्टर में सवार होकर रजही डेम गए थे, जहां से पिकनीक मनाने व सैर सपाटा करने के बाद पुनः ग्राम लौट रहे थे, इसी दौरान ग्राम पथराटोला के पास बाईक को जगह देने के लिए ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर को नाजुक पतली सड़क के किनारे लगाने की कोशिश की, इसी दौरान ट्रैक्टर सड़क के नीचे स्थित खेत में जा पलटी, जिससे ट्रैक्टर चालक व सभी सवार ट्रैक्टर सहित सड़क में जा गिरे।

#### इलाज जारी



जिसके बाद आनन फानन में आस पास के लोगो ने घायल लोगो को अस्पताल पहुंचाया। जहां ईलाज के दौरान ट्रैक्टर चालक गौकरण दरएँ 42 वर्ष की मौत हो गई। वही कई लोग घायल हो गए, बताया गया है कि ट्रैक्टर में 16 से अधिक ग्रामीण सवार थे, जिनमे 5 लोग गंभीर बताए जा रहे है। घायलों में से पांच को गंभीर हालत में जिला अस्पताल बालोद लाया गया। जहां उनका इलाज जारी है।

# गन्ना किसानों को भुगतान में देरी एक माह बाद भी नहीं मिली राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के कई गन्ना किसानो को गन्ना फसल की बिक्री किए एक माह से भी अधिक समय हो गया है, लेकिन जिले के कई ऐसे किसान है जिनको फसल बिक्री के एक माह से ज्यादा समय हो जाने के बाद भी भुगतान प्राप्त नही हुआ है, किसान कर्ज लेकर कृषि बकाया का भुगतान कर रहे है। घर कार्य कर रहे है। यह स्थिति बीते वर्षो में भी रही है। जिसके कारण गन्ना किसानों का गन्ना फसल से मोह भंग हो रहा है।

■ करकाभाट स्थित शक्कर कारखाने में होती है बिक्री

जिले में एकमात्र शक्कर कारखाना करकाभाट में स्थित है जहां जिले भर के किसान गन्ना की बिक्री करते है। जहां पिछले कुछ माह से गन्ना किसानों के द्वारा गन्ने की फसल कटाई करने के बाद शक्कर कारखाना में गन्ना की बिक्री की जा रही है। गन्ना किसान विनोद टावरी, रोमन ठाकुर, प्रदीप ने बताया कि उनके गन्ना फसल की बिक्री किए एक माह से ढेड़ माह होने जा रहे है, लेकिन अभी तक उनके खाते में पैसे नही आया है। जिसके कारण से गन्ना की कटाई के लिए लगे मजदूर तथा ट्रैक्टर खर्च के साथ गन्ना फसल के लिए दवाई में खर्च के पैसे की लेन देन बाकी है, ऐसे में उन्हे फसल बिक्री के बाद भी पैसे नही आने के कारण कई दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। वही किसानों ने कहा कि जहां धान की फसल बेचने पर किसानो को सरकार 24 घंटे ▶▶| शेष पेज 11 पर

#### बिक्री के बाद पैसे जल्द आने की उम्मीद थी

गन्ना की फसल लेने वाले किसानो की संख्या कम है इसलिए यही अंतर सरकार समझती है, जिसके कारण सरकार गन्ना के किसानो को एक माह से भी ज्यादा समय होने के बाद भी पैसे नही दे रही है। धान बिक्री समाप्त हो चुकी है और सभी धान लगाने वाले किसानो को पैसे वितरित किया जा चुका है। एक अन्य किसान ने बताया कि अगले बीस दिन में उनका स्वयं की शादी है और वे घर में अकेले कमाउ व्यक्ति है, उनके खर्चे से ही परिवार चलता है, गन्ना बिक्री के बाद जल्द पैसे आने की उम्मीद थी, जिससे वे अपने स्वयं का शादी धूमधाम से करता लेकिन उनका गन्ना बिक्री होने के एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अभी तक उनका पैसा नही आया है, जिसके कारण अब उन्हे कर्ज लेकर शादी की तैयारीयां करनी पड़ रही है। स्थिति ऐसे ही बनी रही तो आगे गन्ने के रकबे में कमी देखने को मिल सकती है जिससे शक्कर कारखाना के संचालन में भी दिक्कतो का सामना करना पड़ सकता है।

# साहित्य मंच की वर्चुअल काव्य गोष्ठी में छलका श्रृंगार रस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/ कलंगपुर

राष्ट्रीय सखी सुलेखनी साहित्य मंच द्वारा प्रेम के उद्गार के उपलक्ष्य में काव्य रसों के राजा श्रृंगार रस की कविताओं से मंच गुंजायमान हुआ। काव्य गोष्ठी वर्चुअल हुई। जिसमें बालोद जिले के कवियों ने समा बांधा।

■ देशभर की कवियित्रियों ने बांधा समां

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यासागर दिल्ली की कवियित्री डॉ सुदेश भाटिया ने किया। मुख्य अतिथि बैंगलोर की कवियत्री प्रोफेसर लता चौहान थी। विशिष्ट अतिथि अहमदाबाद की कवियत्री पूनम जैन अग्रवाल चांदनी रही। मंच की अध्यक्षा डॉ गीता विश्वकर्मा नेह के संयोजन और संचालन में श्रृंगार रस पर कवयित्री सम्मेलन किया गया। जिसमें सभी राज्यों की कवयित्रियों ने कविता पाठ कर प्रेम रस छलकाए। सभी बासंतक मौसम के खुमार में स्फूर्ति महसूस कर रहे थे। सर्वप्रथम मां शारदे का आह्वान कविता जैन कुहुक द्वारा किया गया।

अहमदाबाद की पूनम जैन अग्रवाल चाँदनी, बरेली की मीरा मोहन, जबलपुर की अनीता दुबे ने, कोटा राजस्थान की डॉ सुशीला जोशी, जयपुर की प्रो. डॉ.राधा गुप्ता गोयल, सोनीपत हरियाणा कवयित्री डॉ कमलेश मलिक, बैंगलोर की प्रो लता चौहान की कविताओं ने मंत्रमुग्ध कर दिया।

पटना बिहार की सविता कुमारी, मधुबनी बिहार ▶▶| शेष पेज 11 पर

# हेमचंद यादव विवि की महिला नेटबॉल टीम ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



कृष्णा विश्वविद्यालय आंध्रप्रदेश में 14 से 18 फरवरी तक आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी नेटबॉल प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग, छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने लगातार छह मुकाबले जीतकर पहली बार क्वालीफाई कर इतिहास रच दिया। प्रतियोगिता में टीम ने पहले मैच में आचार्य नागार्जुना विश्वविद्यालय गुंटूर, आंध्रप्रदेश को 57-09 से हराया। दूसरे मैच में लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा विश्वविद्यालय ग्वालियर, मध्यप्रदेश से वॉकओवर मिला। तीसरे मुकाबले में कवयित्री बहिनाबाई चौधरी उत्तर महाराष्ट्र विश्वविद्यालय जलगांव, महाराष्ट्र को 48-18 से पराजित किया। चौथे मैच में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ, उत्तरप्रदेश को 59-25 से हराया। पांचवें मुकाबले में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर, छत्तीसगढ़ को 49-32 से शिकस्त दी। वहीं छठे और निर्णायक मैच में दिल्ली विश्वविद्यालय नई दिल्ली को 50-43 से पराजित कर टीम ने प्रतियोगिता में पहली बार क्वालीफाई किया। टीम की इस ऐतिहासिक सफलता में योगिता सिन्हा, सोनम, मीशा, शिवांगी, हर्षिता ▶▶| शेष पेज 11 पर

■ खिलाड़ियों का रहा अहम योगदान

### अध्यक्षता छत्तरसिंह कोमा ने की, कई जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

# पूर्व मुख्यमंत्री ने किया आदिवासी सामुदायिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

कुसुमकसा में सर्वसुविधायुक्त नवनिर्मित आदिवासी सामुदायिक भवन का लोकार्पण भूपेश बघेल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तरसिंह कोमा अध्यक्ष, हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज ब्लॉक कुसुमकसा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिला भेड़िया, चंद्रेश हिरवानी, डोमेंद्र भेड़िया, जनकलाल ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

■ आदिवासी समाज के योगदान पर प्रकाश

मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में भूपेश बघेल ने कहा कि आदिवासी समाज देश के मूल निवासी हैं और स्वतंत्रता संग्राम में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीवनयापन करता है और उनकी परंपरा, संस्कृति व रीति-रिवाज देश की धरोहर हैं। संविधान में ▶▶| शेष पेज 11 पर





**बाजे-गाजे और आतिशबाजी के साथ हुआ भव्य स्वागत**

पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर बाजे-गाजे और आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। उन्हें नवनिर्मित भवन तक शोभायात्रा के रूप में ले जाया गया, जहां फीता काटकर भवन का विधिवत लोकार्पण किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने अतिथियों को भवन का अवलोकन कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी एवं शहीद गैंदसिंह के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पहार, बैज और गमछा पहनाकर किया गया।

#### भवन सामाजिक एकता का प्रतीक

विधायक अनिला भेड़िया ने भी सभा को संबोधित करते हुए सामुदायिक भवन को सामाजिक एकता का केंद्र बताया। कार्यक्रम का संचालन रावते ने किया तथा आभार प्रदर्शन छत्तरसिंह कोमा ने किया। इस अवसर पर हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज ब्लॉक कुसुमकसा के 46 गांवों से हजारों की संख्या में महिला, पुरुष और युवा उपस्थित रहे। कुसुमकसा आगमन पर आयुर्वेदिक अस्पताल के पास वेदबाई पिस्दा सरपंच, नितिन जैन उपसरपंच, अंजू कोसमा सरपंच धुरवाटोला, मिथलेश निरोटी, जिला पंचायत सदस्य, अनिल सुथार, अध्यक्ष व्यापारी संघ कुसुमकसा सहित ग्रामीणों ने मालाओं और आतिशबाजी के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

## खबर संक्षेप

### खाद्य उद्यम के लिए 10 लाख तक का अनुदान

**कवर्धा।** भारत अभियान के तहत केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना संचालित की जा रही है ताकि लोगों को खाद्य प्रसंस्करण एवं खाने-पीने की वस्तुएं बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। इस संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार इस योजना के अंतर्गत कबीरधाम जिले में खाद्य प्रसंस्करण उद्यम स्थापित करने वाले व्यक्तियों को परियोजना लागत सावधि ऋण का 35 प्रतिशत, अधिकतम 10 लाख रुपए तक अनुदान दिया जाएगा। योजना का लाभ व्यक्तिगत उद्यमियों के साथ-साथ स्वयं सहायता समूह भी ले सकते हैं। इसके तहत गुड़ उद्योग, राइस मिल, कोदो मिल, मसाला उद्योग, आटा चक्की, पोहा मिल, बेसन निर्माण, नमकीन-मिक्चर निर्माण, पापड़, बेकरी उत्पाद, टमाटर सॉस उत्पाद बनाने वाले सभी उद्यमी पात्र होंगे।

### ऑनलाइन परामर्श संपर्क कक्षा शुरू

**कवर्धा।** पं. सुन्दरलाल लाल शर्मा ओपन विश्व विद्यालय ने परामर्श संपर्क कक्षा का शेड्यूल जारी किया है। बीएससी विज्ञान संकाय (गणित/भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र) के प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष की ऑनलाइन परामर्श संपर्क कक्षा शुरू हो गई है। संबंधित विद्यार्थी पं. सुन्दरलाल लाल शर्मा ओपन विश्व विद्यालय की परामर्श संपर्क कक्षा का लाभ ले सकते हैं।

**सनातनियों की आस्था आहत:** रेवाबंद तालाब में स्थापित शनिदेव तथा हनुमान जी की प्रमिता तोड़ी गई

# जिला मुख्यालय कवर्धा में फिर सनातनियों की आस्था से खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में सनातन धर्मावलंबियों की आस्था से जुड़े मंदिरों और देव स्थलों में तोड़फोड़ तथा छेड़छाड़ की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। जिला मुख्यालय कवर्धा से लेकर ग्रामीण अंचलों तक लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं ने न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत किया है, बल्कि प्रदेश के गृह मंत्री के गृह जिले की कानून-व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ताजा मामला जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित रेवाबंद तालाब का है। जहां अज्ञात लोगों द्वारा तालाब किनारे स्थापित भगवान शनिदेव की प्रतिमा को तोड़फोड़कर खण्डित कर दिया वहीं बजरंगबली की प्रतिमा को उनके स्थान से उखाड़कर तालाब में फेंक दिया गया। इस घटना की जानकारी लोगों को रविवार की सुबह उस समय हुई जब लोग यहां हर रोज की तरह पूजा अर्चना करने पहुंचे। जिले में हो रही इस तरह की घटनाओं के बाद जिला मुख्यालय कवर्धा में हुई इस घटना की जानकारी मिलते ही शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता तथा सनातनी मौके पर पहुंच गए और उन्होने घटना की निंदा करते हुए जिले की लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था तथा सनातन विरोधी गतिविधियों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि यह सनातनियों की आस्था के साथ खिलवाड़ है।

**मंदिरों में लगातार तोड़फोड़, आखिर कब जागेगा प्रशासनः अशोक सिंह**





शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि प्रदेश के गृह मंत्री और कवर्धा विधायक विजय शर्मा के निवास से चंद मीटर की दूरी पर इस तरह की घटना हो रही है। उन्होने कहा कि जिले में लगातार सनातनधर्मियों की आस्था से खिलवाड़ कर आस्था को ठेस पहुंचाई जा रही है और इस तरह के मामले सामने आने के बाद पुलिस अपनी नाक बचाने के लिए किसी भी पागल को खड़ा कर अपनी गर्दन बचा रही है। श्री सिंह ने कहा कि जब प्रदेश के गृह मंत्री के गृह नगर और जिले में भगवान ही सुरक्षित नहीं है तो आम जनता कैसे सुरक्षित रह सकती है। उन्होने इस तरह के मामले में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर ठोस कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वहीं जिला युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी ने कहा कि जिले की कानून व्यवस्था पूरी तरह से पटरी से उतर चुकी है। अपराधियों और आसामाजिक तत्वों में शासन-प्रशासन का कोई खौफ नहीं रह गया है। जिले में हत्या, लूट, चोरी, मंदिरों और सनातनियों के देव स्थलों में लगातार तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आ रही है लेकिन पुलिस प्रशासन इन पर लगाम लगा पाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहा है।

### शहर कांग्रेस ने एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन

इस घटना के बाद शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा तथा जिले में एक के बाद एक सनातनियों के आस्था के केन्द्र मंदिरों व देवस्थलों में हो रही तोड़फोड़, चोरी तथा छेड़छाड़ पर पूरी तरह से लगाम लगाने की मांग कर इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि इन घटनाओं पर रोक नहीं लगाई गई और एक हप्ते के भीतर कार्यवाही नहीं की गई गृह मंत्री के कार्यालय का घेराव किया जाएगा। शहर कांग्रेस ने इस घटना के विरोध में प्रदेश के गृह मंत्री का पुतला भी फूंका तथा जमकर नारेबाजी की। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, अशोक सिंह अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी कवर्धा, पदुम सेन सेवा दल, नारायणी टोन्ड्रे शहर अध्यक्ष महिला कांग्रेस, आकाश केशरवानी, गोपाल चन्द्राकर आदि उपस्थित थे।

### कंझेटा में सात दिवसीय शिवमहापुराण प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

ग्राम कंझेटा में सात दिवसीय 22 से 28 फरवरी तक दिव्य संगीतमय श्रीशिव महापुराण साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ नगर भ्रमण कर किया गया। जिसमें प्रथम दिवस पर नगर भ्रमण करते हुए भक्तजनों व श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक कलश यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर शोभा यात्रा रैली निकाली गई वहीं युवा एवं बुजुर्ग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। जिससे ग्राम कंझेटा व पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया। इस पावन कथा का वाचन कथा व्यास आचार्य कान्हा महाराज द्वारा किया जा रहा है। उनके श्रीमुख से श्रीशिव महापुराण की अमृतमयी कथा श्रवणपान करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थें। सात दिवसीय श्री शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ अवसर पर गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष उत्सव का माहौल देखा जा रहा है। यह सात दिसयीय श्री शिव महापुराण कथा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से इस दिव्य आयोजन का सफल संचालन किया जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे प्रतिदिन दोपहर 2 बजे कथा स्थल पहुंचकर श्री शिव महापुराण कथा का श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बनाएं।

# अस्पताल परिसर में अभद्रता व मारपीट की धमकी से हड़कंप

## ड्यूटीरत डॉक्टर व स्टाफ से दुर्व्यवहार का आरोप



- शिकायत के बाद बोड़ला पुलिस ने मामले की जांच की शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में गत 19 फरवरी को शाम लगभग 5:30 बजे एक गर्भवती महिला को प्रसव के लिए लाया गया। इसी दौरान महिला के पति सुदर्शन यादव, निवासी ग्राम मुछेल (खाम्ही), जिला मुंगेली, द्वारा शराब के नशे में ड्यूटीरत डॉक्टर एवं महिला स्टाफ नर्स के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अस्पताल पहुंचने के कुछ समय बाद ही आरोपी ने चिकित्सा प्रक्रिया को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ द्वारा समझाने का प्रयास किए जाने पर वह और अधिक उत्तेजित हो गया। आरोप है कि उसने गाली-गलौच करते हुए मारपीट की धमकी दी तथा ड्यूटीरत कर्मचारियों के साथ धक्का-मुक्की कर मारपीट का प्रयास भी किया। घटना के दौरान आरोपी ने चिकित्सकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की, जिससे कुछ समय के लिए अस्पताल की सेवाएं प्रभावित हुईं।

इस दौरान अस्पताल में मौजूद अन्य मरीजों, उनके परिजनों एवं स्टाफ में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल बोड़ला थाना को सूचना दी गई। अस्पताल प्रबंधन द्वारा मामले की लिखित शिकायत पुलिस को सौंपते हुए विधिसम्मत कार्रवाई की मांग की गई है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अस्पताल परिसर में किसी भी प्रकार की हिंसा, अभद्रता या दुर्व्यवहार को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि स्वास्थ्यकर्मी 24 घंटे जनसेवा में तत्पर रहते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि अस्पताल परिसर में शांति एवं अनुशासन बनाए रखें तथा स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में सहयोग प्रदान करें। पुलिस द्वारा मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है और संबंधित प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पीएससी प्रारंभिक परीक्षा संपन्न, जिले में 1827 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

## 393 रहे अनुपस्थित, जिले में बनाए गए थे 5 केंद्र, दो पालियों में परीक्षा सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



22 फरवरी को आयोजित लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा जिले में सुचारु रूप से संपन्न हुई। कबीरधाम जिले में प्रारंभिक परीक्षा के लिए पांच केंद्र बनाए गए थे। जिले में आयोजित परीक्षा का निरीक्षण करने के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ प्रवीण वर्मा कबीरधाम पहुंचे। उन्होंने कवर्धा के शासकीय राजमाता विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा कक्षों का निरीक्षण कर परीक्षा का संचालन देखा। इस दौरान नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर सुश्री रुचि शार्दूल भी उपस्थित रही। ज्ञात हो कि जिले में बनाए गए 5 परीक्षा केंद्रों में 2220 अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए फॉर्म भरा था। जिसमें से कुल 1827 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। प्रारंभिक परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई। जिसमें प्रथम प्रश्नपत्र सामान्य अध्ययन और द्वितीय प्रश्नपत्र तार्किक क्षमता पर था। पाली अनुसार देखें तो प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित प्रथम प्रश्नपत्र में 1857 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 363 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दोपहर 03 से 05 बजे तक हुए द्वितीय प्रश्नपत्र में कुल 1827 अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही और 393 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र वार पीएससी के पेपर में कुल 1827 प्रतिभागी शामिल हुए। आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय पीजी कॉलेज में 505, शासकीय राजमाता विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय में 204, स्वामी करपात्री जी शा. हायर सेकंडरी स्कूल में 464, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल रानी दुर्गावती चौक में 324 और स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल बस स्टैंड में 330 प्रतिभागी परीक्षा में शामिल हुए।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रविवार 22 फरवरी को प्रातः 11 बजे प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम की 131वीं कड़ी को कवर्धा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा शहर मंडल के बूथ क्रमांक 264 में सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और कार्यक्रम के विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की। वक्ताओं ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री देशवासियों से सीधे संवाद स्थापित करते हैं तथा समाज के विभिन्न प्रेरणादायी कार्यों, नवाचारों और जनभागीदारी के उदाहरणों को सामने लाते हैं। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी, जिला महामंत्री मुकेश सिंह ठाकुर, जिला सामग्री व्यवस्था प्रभारी सुरेश दुबे तथा मंडल शहर उपाध्यक्ष कमलेश द्विवेदी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि इससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और जनसहभागिता को बढ़ावा मिलता है। अंत में उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता शासन की योजनाओं एवं संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण ...



**कवर्धा।** बूथ क्रमांक 264 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात।

**भोरमदेव ओपन रोवर क्रू (स्काउट दल) एवं मां सिंहवाहिनी ओपन रेंजर टीम (गाइड टीम) शामिल**

# विश्व चिंतन दिवस पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में भोरमदेव ओपन रोवर क्रू (स्काउट दल) एवं मां सिंहवाहिनी ओपन रेंजर टीम (गाइड टीम) कवर्धा के रोवर-रेंजर ने सयुंक्त रूप से स्काउट-गाइड के संस्थापक लार्ड रॉबर्ट स्टीफेंसन स्मिथ बेडेन पावेल एवं मिस एग्नेस बेडेन पावेल के जन्मदिवस के अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन नगर के शासकीय प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में प्रधान पाठक सी डी भट्ट के आतिथ्य में किया गया। जिसे सम्पूर्ण विश्व विश्व चिंतन दिवस के रूप में मनाया जाता है। रोवर स्काउट लीडर विजय कुमार साहू के नेतृत्व में सर्वधर्म प्रार्थना क्रमशः प्रातः स्मरण, सरस्वती वंदना, गुरु महिमा, रघुपति राघव राजाराम, जय बोलो सत धर्मों की, सभी धर्मों की प्रार्थना (व्यक्तिगत), मौन प्रार्थना, वी शैल ओव्हरकम, हर देश में तू हर भेष में तू व शांतिपाठ के साथ प्रार्थना संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान पाठक सीडी भट्ट ने अपने विद्यार्थी जीवन का परिचय देते हुये कहा स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर अपने अनुशासन के लिये जाने जाते है तथा वर्तमान समयानुसार अपने आपको सक्रिय रखें। साथ ही साथ यह विद्यालय स्काउटिंग गतिविधियों के लिये सदा खुला रहेगा। रोवर लीडर विजय कुमार साहू ने बताया कि विद्यालय परिसर में स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। क्रू एवं टीम के द्वारा विशेष सहयोग हेतु प्रधान पाठक सीडी भट्ट को मोमेंट देकर सम्मानित किया गया। प्रार्थना सभा कार्यक्रम में यूनिट लीडर्स प्रियप्रकाश साहू, संजय घावड़े, सोनाली चंद्रवंशी, पुष्पांजलि तिवारी, अनुजा यादव, देवव्रत पटेल, मितेश मिश्रा, ईश्वरी साहू एवं रोवर्स-रेंजर्स शामिल थे।

# शिक्षा विभाग का नया राजपत्र असंतुलित, एलबी संवर्ग शिक्षकों को होगा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने स्कूल शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक से छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग भर्ती नियम 13 फरवरी 2026 में आवश्यक संशोधन करने का सुझाव दिया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि विभागीय भर्ती व पदोन्नति नियम में कार्यरत अनुभवी शिक्षक संवर्ग की उपेक्षा करते हुए सीधी भर्ती को प्राथमिकता दिया गया है, जबकि सभी विभाग अपने अनुभवी कर्मचारियों को पदोन्नति व प्रतिनियुक्ति देने को प्राथमिकता मी रखते है। शिक्षा विभाग में बहुतायत अनुभवी, योग्य व दक्ष शिक्षक हैं, जिनकी नए राजपत्र में घोर उपेक्षा किया गया है। राजपत्र के प्राथमिक प्रकाशन पश्चात सुझाव व दावा आपत्ति लिए बगैर ही सीधे इसे लागू किया जाना शिक्षा विभाग में कार्यरत दो लाख कर्मचारियों के साथ अन्याय है। नए राजपत्र में पदोन्नति हेतु एल. बी. संवर्ग के कोटा को समाप्त करने से तात्कालिक पदोन्नति पाने वाले एल. बी. संवर्ग के शिक्षकों को पदोन्नति नहीं मिल पाएगा, जो आपत्तिजनक है। एलबी संवर्ग का अलग कैडर होने से निरन्तर पदोन्नति का लाभ मिल रहा था। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला के पदों को प्रत्येक वर्ष एक जनवरी की स्थिति में उद्भूत रिक्तियों से शिक्षक एवं प्रधान पाठक प्राथमिक शाला स्नातकोत्तर प्रशिक्षित की संयुक्त पदक्रम के माध्यम से पदोन्नति द्वारा भरे जायेंगे। इस प्रक्रिया अनुसार ई एवं टी संवर्ग के पदों को भरा जायेगा तथा प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पदों को ई एवं टी संवर्ग के सहायक शिक्षक प्रशिक्षित की वरिष्ठता सूची के माध्यम से पदोन्नति द्वारा भरे जायेंगे। इससे स्पष्ट है कि एल. बी. संवर्ग को समाप्त किया गया है। अतः 2018 से पहले के शासकीय शिक्षकों के पदोन्नति के बाद ही एल. बी. संवर्ग का पदोन्नति सम्भव हो पाएगा। इसी प्रकार अनुसूची 2 कल नियम 6 में प्राचार्य, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक तथा शिक्षक के पदों पर पदोन्नति हेतु केवल ई एवं टी संवर्ग का उल्लेख है अर्थात एलबी संवर्ग को विलोपित किया गया है। इससे यह स्पष्ट है कि एल. बी. संवर्ग के कैडर नाम को हटाया गया है। पदोन्नति हेतु एलबी संवर्ग कैडर को हटाने से ई एवं टी संवर्ग में एकीकृत वरिष्ठता सूची बनेगा, जिससे तात्कालिक पदोन्नति में एलबी संवर्ग को बड़ा नुकसान होगा।

## खबर संक्षेप

### जयंती समारोह आज

**चिचोला।** छत्तीसगढ़ झेरिया धोबी समाज परिक्षेत्र लाल बहादुर नगर ने संत गाडगे महाराज का जयंती समारोह कल 23 फरवरी को ग्राम रामपुर में रखा है। समाज के पूर्व सचिव तीजू निर्मलकर ने बताया कि सुबह 10 बजे गाडगे महाराज की शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर को सत्यनारायण पूजा रखा गया है। रात्रि में सामाजिक विषयों पर चर्चा की जाएगी। जितेंद्र निर्मलकर ने सभी स्वजातियों से शामिल होने की अपील की है।

### मन की बात का श्रवण

**डोंगरगांव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय और बहुप्रतीक्षित मन की बात कार्यक्रम का श्रवण भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने वार्ड पांच में मंडल भाजपा की कार्यकारिणी सदस्य हिना जैन के निवास पर किया। इस मौके पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, पूर्व अध्यक्ष स्वरूपचंद जैन, रामकिशन महेश्वरी, पार्षद राजा जैन, संदीप जैन, गौरव यदु सहित अन्य मौजूद थे।

### वार्षिकोत्सव में रंगारंग प्रस्तुति



**बेलगांव।** मुसरा मान्टेशरी स्कूल में गत दिनों वार्षिकोत्सव का रंगारंग आयोजन किया गया। बच्चों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्री चंद्रवंशी, विशिष्ट अतिथि बली बंजारे, प्रदीप वर्मा, प्रहलाद वर्मा, सरपंच गायत्री टेम्भुकर थी। कार्यक्रम में प्राचार्य केएस साहू सहित शिक्षक-शिक्षिका एवं ग्रामीण शामिल हुए।

### पुण्यतिथि पर किया नमन

**डोंगरगढ़।** शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कस्तूरबा गांधी, मौलाना आजाद, खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि विधायक निवास में मनाया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष हरिश भंडारी, संध्या देशपांडेय, जितेंद्रसिंह भाटिया, विजयराज चौहान, विष्णु लोधी, रिम्मी भाटिया, रामजी तराने, शिशुपाल भारती, ओमप्रकाश महानदी, मतीन खान, अकील भाई, दुलीचंद बडोले, नरेश करसे, बबलू शांडिल्य, एडविन हैदर, दिनेश साखरे, निशा निर्मलकर, केशव टांडी, अम्बरीष टांडिया, धन्नालाल गणवीर, संजीव गुप्ता, ऋषि शर्मा, चंद्रशेखर बोरकर, धर्मेंद्र साहू, दशरथसिंह ठाकुर, कुश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### विकास कार्यों का भूमिपूजन

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत ढारा में यात्री प्रतीक्षालय एवं पटेल समाज भवन में टीन शेड का भूमिपूजन विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया।

### विधायक साहू व्हीप चीफ नियुक्त

**डोंगरगांव।** कांग्रेस ने विधायक दलेश्वर साहू को विधानसभा में चीफ व्हिप नियुक्त किया। उनकी नियुक्ति का आदेश अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सहमति से जारी किया है। श्री साहू की नियुक्ति पर कांग्रेसजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## आयोजन : बच्चों और स्वयंसेवकों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

# एनएसएस विशेष शिविर के तहत सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, बीआईटी दुर्ग द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशेष शिविर के अंतर्गत भानपुरी ग्राम के बच्चों एवं ग्रामवासियों के साथ सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया।

इस कार्यक्रम में गांव के बच्चों एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और गीत, नृत्य तथा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। स्वयंसेवकों और बच्चों ने मिलकर पूरे उत्साह और सहयोग की भावना के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ललित चंद्राकर विधायक, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र, उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण विकास एवं अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग, लोमश चंद्राकर सभापति, जनपद, दुर्ग, उमेंदी ठाकुर सरपंच, भानपुरी , महेश साहू पूर्व प्राचार्य, प्राथमिक शाला, डॉ. डी.एस. रघुवंशी, कार्यक्रम समन्वयक, सी.एस.वी.टी.यू. भिलाई, विजय यादव और मुकेश चंद्रकर की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें स्वच्छ आवास योजना के विजेताओं, रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं तथा विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता, कक्षा 1 से 8 तक उच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शबाना नाज सिद्दीकी एवं अभिजीत लाल के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर को संस्थान के प्राचार्य डॉ. एस.के. जायसवाल का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ। इस प्रकार यह सांस्कृतिक कार्यक्रम ग्रामवासियों, बच्चों एवं स्वयंसेवकों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा सभी के लिए यादगार बन गया।

# भक्त मां कर्मा तैलिक ज्ञान प्रतिभा परीक्षा का आयोजन 12 अप्रैल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



जिला साहू सदन में शनिवार को तहसील साहू संघ गुंडरदेही की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तहसील साहू संघ गुंडरदेही के अध्यक्ष डॉ. मानसिंह सार्वा ने की।

- युवाओं को समाज से जोड़ने का प्रयास

बैठक में समाज के उत्कृष्ट शिक्षकों की उपस्थिति में वर्तमान युवा पीढ़ी को साहू समाज की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, सामाजिक मूल्यों एवं रीति-नीति से परिचित कराने के उद्देश्य से 'भक्त मां कर्मा तैलिक ज्ञान प्रतिभा परीक्षा' आयोजित करने का निर्णय लिया गया। परीक्षा में शामिल होने हेतु परीक्षार्थियों को 20 रुपये पंजीयन शुल्क जमा करना होगा। प्रत्येक स्तर पर प्रथम पांच प्रतिभागियों को क्रमशः 5000, 4000, 3000, 2000 एवं 1000 रुपये की पुरस्कार राशि के साथ स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। परीक्षा में सम्मिलित प्रत्येक विद्यार्थी को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। परीक्षा की संभावित तिथि 12 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। जिला साहू संघ बालोद के अंतर्गत सभी तहसील अध्यक्षों, परिक्षेत्र अध्यक्षों, ग्रामीण अध्यक्षों एवं सामाजिक पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में समाज के बच्चों को परीक्षा में शामिल कराने की अपील की गई है, ताकि इस पहल का उद्देश्य सफल हो सके।

यह आयोजन तहसील साहू संघ गुंडरदेही के अध्यक्ष डॉ. मानसिंह सार्वा, संगठन सचिव किशन साहू, कोषाध्यक्ष खेमन्त साहू तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा , राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता सुश्री एनुका शार्वा, धर्मेंद्र श्रवण, रघुनंदन गंगबोइर सचिव तहसील साहू संघ बालोद तथा शिक्षक आर.एन. साहू के मार्गदर्शन में संपन्न होगा।

### जिला स्तर पर होगी परीक्षा

तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा के कोषाध्यक्ष एवं शिक्षक खेमन्त साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि यह परीक्षा तहसील साहू संघ गुंडरदेही के तत्वावधान में जिला स्तर पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा को तीन श्रेणियों माध्यमिक, उच्च माध्यमिक एवं महाविद्यालय स्तर में विभाजित किया गया है। परीक्षा का पूर्णांक 100 अंक निर्धारित किया गया है, जिसमें 60 प्रतिशत प्रश्न साहू समाज के उद्भव एवं विकास, समाज की महान विभूतियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में समाज के योगदान पर आधारित होंगे। वहीं 40 प्रतिशत प्रश्न समसामयिक विषयों एवं जिला-राज्य स्तर के सामान्य ज्ञान से संबंधित होंगे।

# रूखमती बनीं भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम मोहारा निवासी रूखमती हरिकृष्ण गंजीर को भाजपा मंडल सानौद के महिला मोर्चा का मंडल अध्यक्ष बनाया गया।



रूखमती हरिकृष्ण गंजीर को भाजपा मंडल सनौद के महिला मोर्चा अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन, लघु वनोपज संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, जन सेवक बालोद राकेश यादव, पुर्व विधायक प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, पवन साहू, केसी पवार, जिला महामंत्री राकेश यादव छोटू, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलशन साहू, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मोना टुवानी, यादव राम साहू, कौशल साहू, नंदकिशोर शर्मा, ईशा प्रकाश साहू, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, सनौद मंडल अध्यक्ष खेमलाल देवांगन, गुरुर मंडल अध्यक्ष आनंद शर्मा, मिर्रिटोला मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडे, लखन लाल गुरुपंच, सभापति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू, चंद्रिका गंजीर, लक्ष्मी अशोक साहू, नरेश कुमार साहू, झालेन्द्र कुमार साहू, आशीष साहू, गुलाब सिन्हा, ताम्रध्वज यादव, मनीष साहू, धनेश साहू, नंद कुमार साहू, जितेंद्र साहडा, केशव धनकर, पुरुषोत्तम साहू, ललित चांडक, हीरामणि साहू, ललित गजेन्द्र सिन्हा, ढंगू राम साहू, घनेंद्र साहू, संतोष गंगबेर, अशोक साहू नीता साहू, चांदनी देवांगन, दुखिया साहू, लिलेश्वरी साहू, चुन्नी महेंद्र साहू, जसवंत साहू, धिरपाल अठभैया, चंद्रहास साहू, धारणीसाहू, बसंत निर्मलकर, सत्येंद्र साहू, ईश्वर गंजीर, कमलेश्वर सोनवानी, धर्मेंद्र तेलियासी, हेमलाल सिन्हा, डॉ मुकेश सार्वा, डॉक्टर शिवनारायण नीले, तेजराम साहू, प्रेम साहू, लीलाराम सोनबेर, लीलाराम बनपेला, डॉक्टर नारद राम साहू, डॉक्टर बलराम साहू, डॉ गोपाल साहू, डॉक्टर डामन लाल साहू, डॉ राकेश सार्वा, महेश सिंह, तुलाराम साहू, ऐनु राम साहू एवं भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता साहू समाज के समस्त पदाधिकारी एवं गायत्री परिवार के परिजनों ने हर्श व्यक्त किया है।

## प्रतिदिन हो रही विविध धार्मिक कथाएं

# श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में कृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु, उमड़ी जनमेदिनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




ग्राम कुगदा में श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 18 फरवरी से किया गया है, जिसका समापन 26 फरवरी को होगा। कथा दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होता हैं। जिसमे कथावाचक पंडित काले"वर प्रसाद तिवारी है, परीक्षित पुर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर एवं जिला पंचायत बालोद अध्यक्ष तारणी चन्द्राकर है। कथा स्व. चण्डी प्रसाद चन्द्राकर के श्राद्व के अवसर पर आयोजन किया जा रहा है।

जिसमे 18 फरवरी को जल कलश यात्र निकाली गई व वेदी पूजन, महात्मय गोकर्ण कथा हुआ। 19 फरवरी को श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हुआ, जिसमे सुकदेव परीक्षित संवाद कथा सुनाई गई। 20 फरवरी को श्रृष्टि विस्तार वर्णन, धुव चरित्र कथा सुनाई गई। 21 फरवरी को अजामिल कथा, प्रहलाद चरित्र कथा सुनाई गई। 22 फरवरी को वामन अवतार, श्रीराम जन्म, श्री कृष्ण जन्मोत्सव सुनाई गई। 23 फरवरी को बाल लीला, दही लूट, गोवर्धन पूजा, श्रीकृष्ण रूखमणी विवाह कथा होगा। 24 फरवरी को द्वारिका लीला, सुदामा चरित्र कथा होगा। 25 फरवरी को भगवान का स्वर्ग गमन, परिक्षित मोक्ष, तुलसी वर्शा, चढ़ौत्तरी व शोभायात्र निकाला जाएगा। 26 फरवरी को गाता पाठ, हवन, कपिला तर्पण, सतधारा स्नान एवं वार्शिक श्राद्व का आयोजन किया जाएगा।

कथा श्रवण करने ग्राम सहित अन्य ग्रामों से भक्त पहुंच रहे है। रविवार को जनपद पंचायत गुण्डरदेही अध्यक्ष पुरूशोत्म चन्द्राकर, जिला पंचायत सदस्य कांती सोनेश्वर, जनपद सदस्य गुण्डदेही हेमलता भागवत श्रवण करने पहुंचे एवं भागवताचार्य से आर्शीवाद लिया। कथा में ईमनलता चन्द्राकर, पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, प्रणव चन्द्राकर, वरूण हेमा चन्द्राकर, रितिका, रिया, प्रणव चन्द्राकर, घासीराम, भीशम, सतीश, प्रमोद, विपिन, अभिशेक, अशोक का सहयोग है।

# भाजपा जिला युवा मोर्चा कार्यकारिणी का गठन, डोमेन्द्र देशमुख बने उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भारतीय जनता पार्टी जिला युवा मोर्चा कार्यकारिणी का गठन प्रदेश संगठन के नेतृत्व व जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के अनुशंसा पर जिला युवामोर्चा



अध्यक्ष गुलशन साहू ने डोमेन्द्र देशमुख को जिला भाजयुमो के उपाध्यक्ष व भूषण साहू को जिला सह मीडिया प्रभारी का दायित्व प्रदान किया गया । डोमेन्द्र देशमुख युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष प्रशिक्षण प्रमुख तथा मंडल अध्यक्ष के दायित्वों का निर्वहन करते हुए व उनकी सक्रीयता को देखते हुए पार्टी संगठन द्वारा उनको जिला भाजपा युवा मोर्चा का उपाध्यक्ष नियुक्त किया। डोमेन्द्र देशमुख का मानना है कि राष्ट्र ही सर्वोपरि है और उसी दिशा में कार्य करना ही एक जनप्रतिनिधि का कर्तव्य है।

### सक्रियता के आधार पर मिली जिम्मेदारी

बहुत ही कम उम्र में ग्राम पंचायत बटेरा के पंच पद से राजनीतिक यात्रा शुरू करने वाले डोमेन्द्र देशमुख पिछला और वर्तमान सत्र में दो बार ग्राम का उपसरपंच तथा पार्टी संगठन में लगातार सक्रिय रहकर अपनी सहभागिता प्रदान करते हुए अपनी एक अलग पहचान स्थापित किए हैं। मंडल डौण्डीलोहारा से लेकर जिले में सक्रिय भूमिका निभाने वाले डोमेन्द्र देशमुख संकल्प और नई सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। दिल्लीवार क्षत्रिय समाज में केंद्रीय कार्य समिति के युवा का सदस्य के एवम सर्किल कुम्हलोरी के युवा सचिव का जिम्मेदारी निभा रहे हैं इसी प्रकार भूषण साहू अपने राजनीतिक यात्रा की शुरुआत मंडल डौंडीलोहारा में युवा मोर्चा महामंत्री का दायित्व निर्वहन करने के बाद उन्हें नयी जिम्मेदारी जिला सह मीडिया प्रभारी का दायित्व प्रदान किया गया। डोमेन्द्र देशमुख और भूषण साहू ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसमर्पित कार्यशैली को अपना आदर्श मानते हुए उन्हीं से प्रेरणा लेकर राजनीति के माध्यम से जनसेवा का संकल्प लिए हुए हैं। उन्होंने ने इस नियुक्ति पर पार्टी शीर्ष नेतृत्व एवं वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त किया।

### आम बगीचे के पास मिला महिला का शव

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत अछोली से बेलगांव मुख्य मार्ग से लगे अछोली आम बगीचा के पास एक अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। प्रथम दृष्टया शव की स्थिति को देखते हुए उक्त महिला की हत्या कर फेंका जाना प्रतीत हो रहा है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत अछोली के बेलगांव मुख्य मार्ग से लगे ग्राम अछोली के आम बगीचा के पास एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में शव देखा गया। जिससे आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस को आशंका है कि महिला की हत्या कर उक्त स्थल पर फेंका गया है। बताया गया कि महिला के सिर पर चोंट के गंभीर निशान है। जिससे चेहरा अस्पष्ट है। महिला की पहचान नहीं हो पाई है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने भी लाश की स्थिति को देखकर हत्या कर फेंके जाने का अनुमान लगाया है। माना जा रहा है कि उक्त महिला के शव को देर रात आम बगीचे के पास फेंका गया है। महिला का शव अज्ञात है और पहचान छुपाने के लिए महिला का सिर और चेहरा को बुरी तरह कुचलना बताया गया है।

# कृषि विज्ञान केन्द्र कर्मचारियों ने वेतन समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



छत्तीसगढ़ कृषि विज्ञान केन्द्र सर्व कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्रो में पदस्थ अधिकारियो, कर्मचारियो को समयबद्व पूर्ण वेतन, देय भत्ते सहित वितरण हेतु राज्य शासन के बजट से वित्तीय अंशदान 25 प्रतिशत राशि स्वीकृत करवाने की मांग करते हुए विधायक संगीता सिन्हा को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि विधानसभा क्षेत्र में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के अधीन कृषिविज्ञान केन्द्र संस्था संचालित है। इस संस्था द्वारा जिले के कृशको को नवीनतम कृषितकनीक की जानकारी, प्रशिक्षण इत्यादि कार्य समय समय पर प्रभावशाली तरीके से पिछले वर्षों से दिया है।

यह संस्था केन्द्र एवं राज्य शासन की अनेक महत्वकांक्षी कृषियोजनाओ को नियमित रूप से क्रियान्वित भी करता है तथा जिले के कृशको के उत्थान में इस केन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस संस्था में कार्यरत वैज्ञानिको, कर्मचारियो को विगत एक वर्ष से वेतन संबंधी समस्याओ से जूझना पड़ रहा है।

### समझौता ज्ञापन का हवाला

ज्ञात हो कि राज्य के कृषिविज्ञान केन्द्रो के स्थापना के समय भारतीय कृषिअनुसंधान परिशद् नई दिल्ली एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के मध्य समझौता ज्ञापन हुआ था। इस समझौता ज्ञापन में स्पष्ट है कि कृषिविज्ञान केन्द्र के समस्त कर्मचारी मेजबान संस्था के कर्मचारी है एवं इनके वेतन, प्रमोशन, चिकित्सा लाभ इत्यादि मेजबान संस्था का उत्तरदायित्व है। यह समझौता ज्ञापन में सिर्फ वेतन, एचआरए की 75 प्रतिशत राशि केन्द्र द्वारा प्रदाय किये जाने का उल्लेख है। मामले मे विधायक संगीता सिन्हा ने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार हर क्षेत्र मे विफल साबित हो रही है। स्पष्ट प्रावधान के बाद भी प्रदेश सरकार द्वारा अपना अंशदान नही दिया जाना कर्मचारियों के सांथ अन्याय है, संगीता सिन्हा ने कहा प्रदेश सरकार तत्काल अपने हिस्से का अंशदान दे जिससे कर्मचारियों को समय पर भुगतान हो।

## पेज 9 के शेष

### 6 केंद्रों पर दो ...

स्वामी आत्मानंद हिन्दी मिडियम स्कूल झलमला के परीक्षा केन्द्र में 360 परीक्षार्थी में से 306 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए 54 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### बालोद की परीक्षा केन्द्र ...

उच्च माध्यमिक विद्यालय बालोद के परीक्षा केन्द्र में 300 परीक्षार्थी में से 247 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 53 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शासकीय बुनियादी हायर सेकेण्डरी स्कूल पाररास बालोद के परीक्षा केन्द्र में 240 परीक्षार्थी में से 182 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 58 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। स्वामी आत्मानंद हिन्दी मिडियम स्कूल झलमला के परीक्षा केन्द्र में 360 परीक्षार्थी में से 302 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए 58 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### साहित्य मंच की वर्चुअल ...

की सरस्वती मल्लिक, कलंगपुर बालोद छत्तीसगढ़ मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ गीता विश्वकर्मा नेह ने इस अवसर पर रचना सुनायी। गाजियाबाद की डॉ मधु स्वामी, मुंबई की ऊषा सक्सेना, संस्था सचिव जोधपुर राजस्थन की डॉ संजीदा खानम शाहीन, खैरागढ़ छत्तीसगढ़ की सम्पति चौरे स्वाति, करनाल की मंजूषा दुग्गल, मेरठ की डॉ ऋतु अग्रवाल ने एवं कार्यक्रम अध्यक्ष विद्यासागर दिल्ली की वरिष्ठ कवियत्री ने प्रेम पर अपने उद्गार रखे। कलंगपुर बालोद की डॉ गीता विश्वकर्मा नेह विविध लेखन करवाने के साथ–साथ हमेशा नया कार्यक्रम का संयोजन करती है। कवियित्रीयों में लेखन, गायन, संचालन के साथ अनेक विधाओं में लेखन को गति देते आ रही। देश के महान विभूतियों पर लेखन, बहुभाषी काव्य सम्मेलन। काव्यशास्त्र पर आधारित लेखन पाठन की दिशा का समुचित ध्यान रखती हैं।

### हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ...

भूमिका, खुशबू, जसप्रीत, नेहा, रीति, हेमपुष्पा एवं सीमा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। डौंडीलोहारा क्षेत्र के लिए यह गौरव का विषय है कि योगिता सिन्हा छोटे से गांव कामता, लोहारा से निकलकर भिलाई में अध्ययनरत रहते हुए राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं। योगिता समाजसेवी डूल्लू सिन्हा की सुपुत्री है। टीम की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### गन्ना किसानों को ...

में पैसे दे दे रही है वही गन्ना की बिक्री किए हुए एक माह से भी अधिक समय हो चुका है फिर भी सरकार द्वारा गन्ना किसानो को गन्ना फसल की बिक्री के पैसे नही दिए है, जिससे किसानो को कई दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। किसानो ने सरकार से पूछा है कि क्या धान के किसानो का ही परिवार है, क्या धान के फसल पर ही खर्च आता है, क्या गन्ना के फसल लगाकर हमने गुनाह किया है।

### पूर्व मुख्यमंत्री ने ...

आदिवासियों के संरक्षण के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने पूर्व में लागू योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि हरित क्रांति और 20 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत भूमिहीनों को भूमि प्रदान की गई। कांग्रेस शासनकाल में लघु वनोपज की समर्थन मूल्य पर खरीदी, ऋणमाफी तथा धान का 2850 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य दिए जाने से किसानों को लाभ हुआ।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### ग्राम अर्जुनी में मोदी की मन की बात सुनी

**बालोद।** कलंगपुर भारतीय जनता पार्टी ओटेबन्द मण्डल के अंतर्गत बूथ क्रमांक 217 ग्राम अर्जुनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात सुनी गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलशन साहू, पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, शक्ति केन्द्र प्रभारी घना राम साहू, संजय साहू, अर्जुन साहू, धनेश्वरी साहू, महेश्वरी साहू, कविता साहू, खिलेश्वरी साहू, बिन्दु ठाकुर, द्रौपदी साहू, कांति साहू, पवन साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नकली सोना देकर बैंक से लोन लेने का प्रयास, गिरफ्तार

**भिलाई।** नकली सोना देकर बैंक से ऋण लेने का प्रयास करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि सिटी यूनियन बैंक नंदिनी रोड शाखा प्रबंधक अनुराग बंधु के पास एक युवक पहुंचा। सोने का जेवरात लेकर उसे गिरवी रख ऋण लेने का प्रयास कर रहा था। इस दौरान बैंक स्वर्ण आभूषण परीक्षक राकेश कुमार गुप्ता ने जेवरात को देख परीक्षण करने पर नकली पाया गया। आरोपी राघा नगर, थाना घाटला, मेदिनीपुर पश्चिम बंगाल, हाल निवास बैगा पारा दुर्ग निवासी राज पातरा बताया गया है।

### स्कूली बच्चों को बंबू वर्क और आर्ट का प्रशिक्षण

**दुर्ग।** नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पीएम केंद्रीय विद्यालय में 10 दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं बैगलेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़ाकर व्यावहारिक कौशलों से जोड़ना तथा उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को बंबू वर्क एवं बंबू आर्ट का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने बांस से उपयोगी एवं आकर्षक वस्तुओं का निर्माण करना सीखा। इस प्रक्रिया ने उनमें सृजनात्मकता, धैर्य, टीमवर्क और कार्य के प्रति सम्मान की भावना विकसित की। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने हाथों से सीखने का आनंद अनुभव किया। प्रशिक्षण कार्य का संचालन कुशल प्रशिक्षकों लक्ष्मी देवांगन एवं राजकुमारी नायक द्वारा किया गया।

### देशद्रोह की हांडी पर हुई चर्चा गोष्ठी कहा-कविता सामयिक संदर्भ में मुखर

**भिलाई।** जन संस्कृति मंच दुर्ग-भिलाई इकाई के तत्वावधान में कविता, कहानी और अनुवाद के क्षेत्र में चर्चित मीता दास की सद्यः प्रकाशित कविता संग्रह देशद्रोह की हांडी पर चर्चा गोष्ठी सम्पन्न हुई। इस गरिमामयी गोष्ठी का आयोजन सियान सदन, नेहरू नगर वेस्ट में किया गया जिसमें अंचल के जाने-माने साहित्यकारों, पत्रकारों, संस्कृतिकर्मियों, पाठकों सहित महाविद्यालयीन विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। मीता दास ने अपने कविता संग्रह से कुछ चुनिंदा कविताओं का पाठ किया।

## आयोजन : शिखर पर ध्वजारोहण, जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

# भक्ति भाव से मनाया गया मंदिर शिखर रजत ध्वजा महोत्सव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के श्री शांतिनाथ जैन मंदिर जिनालय में रविवार को मंदिर शिखर रजत ध्वजा महोत्सव श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम कैवल्य धाम तीर्थ प्रेरिका प्रवर्तिनी महोदया निपुणाश्रीजीजी मसा की सुशिष्या महासती मंजुलाश्रीजी मसा एवं महासती स्नेहयशाश्रीजी मसा सहित ठाणा ग्यारह के पावन सानिध्य में आयोजित हुआ। प्रातःकाल इंदौर से पधारे विधिकारक अरविंद भाई चौरडिया, खैरागढ़ से आए हुकुमचंद मुणोत एवं पुजारी ब्रजवल्लभ के मार्गदर्शन में जैन मंदिर में सत्रह भेदी पूजन प्रारंभ हुआ। विविध पूजन सामग्रियों एवं मंत्रोच्चार के साथ एक से सत्रह प्रकार की पूजा सम्पन्न हुई।

■ शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का उत्साह

तत्पश्चात कायमी ध्वजा के लाभार्थी परिवार कोमलचंद-संदीप लोढ़ा, धनराज-भागचंद लोढ़ा, गेंदमल-सुरेश लोढ़ा, आईदान-जीवनलाल लोढ़ा एवं केवलचंद-अनराज लोढ़ा परिवार के सदस्यों ने विधिवत मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण किया। ध्वजा लहराते ही मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा और नगर भक्ति रस में सराबोर हो गया। साथ ही मंदिर परिसर स्थित गौतम स्वामी एवं दादा गुरुदेव मंदिर के शिखर पर भी उनके लाभार्थी राजनांदगांव के दीपचंद-शीतल ललवानी परिवार तथा दल्लीराजहरा के महावीर, अजय, विजय कोचर परिवार द्वारा ध्वज फहराया गया। महिलाओं ने ध्वजा को सिर पर धारण कर साध्वी मंडल एवं सकल संघ के साथ शोभायात्रा निकाली, जो विवेकानंद चौक व सदर रोड होते हुए जैन मंदिर प्रांगण पहुंची। महासती स्नेहयशाश्रीजी मसा ने शास्त्रोक्त विधि सम्पन्न कराते हुए धर्म ध्वजा के महत्व पर प्रकाश डाला।

### ध्वजा दर्शन का विशेष महत्व

अपने प्रवचन में महासती स्नेहयशाश्रीजी मसा ने कहा कि मंदिर प्रतिष्ठा एक बार होती है, परंतु ध्वजा महोत्सव प्रतिवर्ष मनाया जाता है। ध्वजा का लाभ मिलना अत्यंत पुण्य का कार्य है। जो श्रद्धालु अंतर्मन से मंदिर शिखर पर लहराती ध्वजा को देखकर "नमो जिनानं परमात्मा" का स्मरण करता है, उसे जिन प्रतिमा के दर्शन के समान पुण्य फल प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जीवन में तीन अवसर कभी नहीं चूकने चाहिए परमात्मा की प्रतिष्ठा का क्षण, चढ़ती हुई ध्वजा का दर्शन और मुमुक्षु आत्मा द्वारा रजोहरण अंगीकार करने का अवसर। धर्म ध्वजा धरती से शिखर तक आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक है। विधिकारक अरविंद भाई चौरडिया ने भी नगरवासियों के सामूहिक सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि जिस समाज के रोम-रोम में धर्म बसता है, वहीं जिनशासन की सच्ची सेवा होती है। त्रिदिवसीय रजत ध्वजा महोत्सव के इस आयोजन ने नगर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करते हुए श्रद्धालुओं को धर्ममय वातावरण में सराबोर कर दिया।

## श्री विष्णु महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**अंडा।** ग्राम ओटेबंद में चल रहे श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आज और कल कथा पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। पूज्य संत श्री राजीव नयन जी महाराज (श्रीधाम वृन्दावन) के श्रीमुख से अमृतमयी कथा का रसपान कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कल की कथा में महाराज श्री ने भक्ति, धर्म और सदाचार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान की सच्ची भक्ति ही जीवन का सबसे बड़ा आधार है।



उन्होंने ध्रुव और प्रह्लाद जैसे महान भक्तों के उदाहरण देते हुए कहा कि अटूट विश्वास और समर्पण से भगवान स्वयं अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। कथा के दौरान भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। आज की कथा में भगवान विष्णु की महिमा, नामस्मरण और कलियुग में भक्ति की शक्ति पर विस्तार से प्रवचन हुआ। महाराज श्री ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में सेवा, सत्संग और संस्कार को अपनाना चाहिए। कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर कथा श्रवण करते रहे। मंदिर परिसर में स्थापित भगवान श्री विष्णु की विशाल एवं भव्य मूर्ति श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी रही। वहीं पवित्र वृक्ष में श्रद्धालुओं द्वारा मन्नत स्वरूप नारियल बांधने की परंपरा भी जारी रही। यज्ञ स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन अनुष्ठान संपन्न हो रहा है। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए उत्तम व्यवस्था की गई है। श्री विष्णु महायज्ञ मंदिर समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण एवं धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# चिटौद में घर-घर फाइलेरिया रोधी दवा का किया गया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

राष्ट्रीय सार्वजनिक औषधी वितरण अभियान के तहत चिटौद में घर–घर फाइलेरिया रोधी दवा बांटी जा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के दिशा निर्देश व छत्तीसगढ़ राज्य शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में लिम्फेटिक फाइलेरिया बीमारी के उन्मूलन के लिए वार्षिक राष्ट्रीय सार्वजनिक औषधि वितरण एमडीए अभियान जारी है।

■ जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त पहल

इसी कड़ी में बालोद जिला प्रशासन व जिला स्वास्थ्य विभाग के संयोजन में शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरूर के अधीन प्राथमिक उपस्वास्थ्य केंद्र चंदनबिरही एवं आश्रित ग्राम चिटौद में प्रत्येक नागरिक को फाइलेरिया रोधी दवा का वितरण स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिनों के द्वारा किया जा रहा है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.सुनील भारती ने कहा कि हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता और –ढ़ संकल्प जीवन को बदलने और लिम्फेटिक फाइलेरिया से मुक्त भविष्य सुनिश्चित करने में मदद करेगा। यह जरूरी है कि सभी लोग इन दवाओं का सेवन करें। इस राष्ट्रीय पहल में सहायक शिक्षक चिटौद ईश्वरी कुमार सिन्हा ने जानकारी दी कि 4022 के लक्षित संख्या में अभी तक करीब 2500 अर्थात 62 प्रतिशत लोगों को दवा खिलाया जा चुका है। मापअप के तहत आंगनबाड़ी, कॉलोनी व विद्यालयों में शेष बचे विद्यार्थियों को दवा खिलाया गया।

# पीताम्बर ठाकुर का केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में चयन



**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत अकतई के आश्रित ग्राम रीवागहन निवासी युवक पीताम्बर ठाकुर पिता विश्राम ठाकुर का सीआरपीएफ में चयन हुआ है, छोटे से आश्रित गांव रिवागहन की बहुत बड़ी उपलब्धि से गांव सहित क्षेत्र में चहूं ओर खुशियां की लहर दौड़ पड़ी है। पीताम्बर के स्वागत में सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद सहित ग्रामीण उमड़ पड़े आतिशबाजी पुष्पहार के साथ भव्य स्वागत किया गया। सरपंच माधुरी नरोत्तमन निषाद ने कहा कि गांव प्रतिभाओं से भरी पड़ी है। प्रतिभाओं को निखारने प्लेटफॉर्म की सख्त जरूरत है। सीआरपीएफ के लिए चयनित पीतांबर ने स्वागत से अभिभूत होकर दादा दर्शन ठाकुर को प्रणाम कर आशीर्वाद लेते हुए कहा कि पूर्वजों का आशीर्वाद और मेहनत जब रंग लाती है तब गांव और शहर की खाई मिट जाती है। सरपंच ग्राम पंचायत अकतई से माधुरी नरोत्तम निषाद, दादा जी दर्शन ठाकुर, गोवर्धन ठाकुर,, ओम प्रकाश, पंच देव राज ठाकुर, देवेंद्र साहू, हरीश साहू, जीधन साहू, एवं बड़ी संख्या में परिवार जन, मित्र साथीयो ने स्वागत किया।

■ गांव की प्रतिभाओं को मंच देने की जरूरत

# भाजपा मंडल ने चलाया हितग्राही संपर्क एवं सम्मान अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा मण्डल सनौद युवामोर्चा अध्यक्ष मितेश साहू के नेतृत्व मे हितग्राही संपर्क एवं सम्मान अभियान के तहत नगर पंचायत पलारी, प्राथमिक स्वास्थ केंद्र पलारी मे मरीजो को फल भेंट कर लोगो से आशीर्वाद प्राप्त कर मुख्यमंत्री के दीर्घायु की कामना किये।

■ जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति

इस कार्यक्रम मे मण्डल महामंत्री ललित गजेंद्र, सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मीअशोक साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरुर हरिकृष्ण गंजीर, जनपद सदस्य गुरुर झालेन्द्र साहू, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष रुखमती गंजीर, जिला किसान मोर्चा महामंत्री संतोष गंगबेर, जिला युवामोर्चा कौशल सिन्हा, जिला किसान मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य गंगाबालक साहू, प्राधिकृत अध्यक्ष नन्द कुमार साहू, लखन गुरुपंच, हेमलाल साहू, मुकेश साहू, राजेश साहू, प्रेम साहू, आशा साहू, रोहित साहू, भोला वैका, फलेन्द्र साहू, महेश साहू, देवकरण साहू, कमल दास, पतिराम, चंपेश साहू, हिमांशु वैका, बालगीर, देवांगन व समस्त युवामोर्चागण उपस्थित थे।

# लार्ड पावेल की जयंती मनाई और सर्वधर्म प्रार्थना सभा की आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विवेकानंद सभागार बालोद में स्काउटिंग के जनक लार्ड बेडेन पावेल के जन्म दिवस एवं फाउंडेशन डे पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। विश्व चिंतन दिवस एवं विचार दिवस के हीरख जयंती वर्ष पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ बालोद जिला सहायक आयुक्त मोहिनी यादव एवं सचिव रूपेन्द्र सिन्हा के योजनानुसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

■ प्रमाण पत्र वितरण एवं सम्मान समारोह हुआ

जिसमे प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी दुधली में विकासखंड बालोद से प्रतिभागिता सुनिश्चित करने वाले समस्त सीनियर स्काउट्स गाइड्स रोवर रेंजर्स तथा लीडर्स व प्रभारियों को राष्ट्रपति गाइड कुमुदिनी साहू एवं प्राचार्य सेजेस हिंदी माध्यम बालोद अरुण साहू के मुख्य आथित्य तथा जिला संगठक आयुक्त द्वय प्रेमलता चंद्राकर, नेमसिंह साहू, शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. आरडी साहू एवं डॉ. दीपाली के विशेष आतिथ्य में प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिवस पर स्थानीय संघ एवं जिला संघ बालोद के संयुक्त तत्वाधान में जिला कार्यालय के परिसर एवं आसपास स्वक्षता एवं सफाई कर जनजागरुकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ रेंजर लीडर योगिता राजपूत, रोवर लीडर विवेक धुर्वे, गाइड कैप्टिन तुलसी डोंगरे, स्नेहलता ठाकुर, रामकुमार सिन्हा, सर्विस रोवर–रेंजर विभा, पोषण, देवराज, महेन्सू, गोदावरी, आयुषी देवांगन, पल्लवी, क्षमा, भूपेश चनाप, खेमकांत, लूपिका, माधुरी उपस्थित थे।





# बड़गांव की छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण


हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा


शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बड़गांव के छात्र-छात्राओं को प्राकृतिक सौंदर्य एवं धार्मिक स्थलों के ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

■ जतमई–घटारानी व राजिम–चंपारण के धार्मिक व प्राकृतिक स्थलों का किया अवलोकन

ग्राम पंचायत बड़गांव के सरपंच सुरेश कुमार ठाकुर एवं जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के सदस्य डोमेन्द्र सिंह राजपूत की उपस्थिति तथा पालकों की सहमति से लगभग 41 विद्यार्थियों को गरियाबंद जिले के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों ने जतमई माता मंदिर में दर्शन कर मंदिर की पौराणिक मान्यताओं और प्राकृतिक परिवेश के बारे में जानकारी प्राप्त की। यहां स्थित जलप्रपात और हरियाली ने बच्चों को विशेष रूप से आकर्षित किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने घटारानी माता मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। यहां के सुंदर जलप्रपात, पहाड़ी दृश्य एवं प्राकृतिक वातावरण ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यार्थियों को राजिम त्रिवेणी संगम का भी भ्रमण कराया गया, जहां महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों का संगम है। यहां स्थित प्राचीन राजीव लोचन मंदिर के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी भी बच्चों को दी गई। अंत में विद्यार्थियों ने चंपारण का भ्रमण किया, जो महाप्रभु वल्लभाचार्य की जन्मस्थली के रूप में प्रसिद्ध है। यहां धार्मिक इतिहास एवं संत परंपरा की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। भ्रमण के दौरान प्रधान पाठक भूधर दास जोशी, शिक्षक संतोष कुमार देवांगन, शैलजा मार्टिन, हेमलता केशरा, भुवन सिंह कोसिमा एवं पीलूराम साहू उपस्थित रहे। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को यात्रा के दौरान अनुशासन, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया।







प्रधान पाठक ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक एवं सांस्कृतिक ज्ञान भी प्राप्त होता है। पालकों एवं जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा व्यक्त की। भ्रमण के उपरांत सभी विद्यार्थी सुरक्षित रूप से वापस विद्यालय पहुंचे। बच्चों में इस यात्रा को लेकर विशेष उत्साह एवं आनंद देखा गया।

### युवक पर चलाया कटर, आरोपी फरार

**भिलाई।** युवक पर कटर से वार कर गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। घटना छावनी थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि कैंप 2 संतोषी नगर वार्ड 33 रितीक चौधरी मार्केट जा रहा था। इस दौरान आम्रपाली चौक के पास आरोपी युवक ने रितीक से लिफ्ट मांगा। इंकार करने पर आरोपियों ने अपने पास रखे कटर से रितीक के शरीर पर विभिन्न जगह पर कटर से वार कर दिया। रितीक को गंभीर अवस्था में लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल लाया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# विभाग के सहयोग से गौ संरक्षण और संवर्धन को मिल रहा बढ़ावा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

क्षेत्र में अब गौ माता के महत्व को समझते हुए संरक्षण व संवर्धन का कार्य पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। किसान गाय से प्राप्त गोबर, गोमुत्र के कृषि में उपयोगिता को देखते हुए अब गौ वंश का पालन करने की ओर प्रेरित हो रहे है।

वही वर्षो से गौमाता की सेवा करने वाले गौ पालक भी अपने गौवंश के विकास एवं उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे एवं पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से गौ वंश को संरक्षित कर उन्हे और अधिक उपयोगी बनाने का कार्य कर रहे है। इसी प्रकार के एक मामले में नगर पंचायत गुरुर वार्ड क्र 09 निवासी गुरूर मंडल के भाजपा नेता पन्नालाल साहू ने अपने गाय को वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी एवं पशु मित्र वीरेंद्र सिंन्हा द्वारा गाय को दुग्ध उत्पादन हेतु कैल्शियम की बोतल लगवाएं एवं क्रीमी नाशक दवाई पिलाई गई।

स्वामी जी - 9340638884

By Train : Reservation Coach
नेपाल विदेश यात्रा
मुक्तिनाथ टेम्पल, 108 धारा, गंडकी नदी (शालीग्राम पत्थर)
जनकपुर (सीता माता जन्म स्थान),
आयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), लुम्बिनी, काठमांडू,
बुद्धा नीलकंठ, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर,
डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
01 अप्रैल 2026
07 मई 2026
21 मई 2026
03 जून 2026
03 सितम्बर 2026
14 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ₹25,500/- ऑफर ₹23,500/-3AC ₹36,500/- ऑफर ₹34,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
हवाई मार्ग Ex-लखनऊ
(09 दिन) 2,80000/-(+5% GST)
कैलाश मानसरोवर यात्रा
12 मई, 25 मई, 11 जून, 11 जुलाई, 10 अगस्त, 08 सितम्बर, 20 सितम्बर 2026
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
सड़क मार्ग Ex-काठमांडू (13 दिन) 2,20000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411